# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ॰प्र॰ जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

दूरभाषः— **9473942572,** ई0—मेल **eeupjnrural22@gmailcom**


पत्रांक 1023 / M-8 / 108 दिनांक 03—09—2026

सेवा में

जिलाधिकारी महोदय
जनपद—बरेली।

विषय : **<u>दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 03.09.2026 को प्रकाशित खबर बरेली: जल जीवन मिशन की टंकी पर किच्छा नदी की कटान का खतरा, महज तीन मीटर बची दूरी के सम्बन्ध में।</u>**

महोदय,

बरेली /समाचार पत्र अमर उजाला बरेली, दिनांक 03.09.2026 के सन्दर्भ में वांछित आख्या निम्न प्रारूप पर प्रेषित है—

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | समाचार पत्र का नाम/प्रकाशन का दिनांक | समाचार में अंकित तथ्यों का संक्षिप्त विवरण | विभाग/जिला प्रशासन द्वारा किया गया निदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बरेली | अमर उजाला दिनांक 03—09—2026 | **बरेली: जल जीवन मिशन की टंकी पर किच्छा नदी की कटान का खतरा, महज तीन मीटर बची दूरी**  Hindi News • Video • Uttar Pradesh • Bareilly News • Jal Jeevan Mission Water Tank Threatened By Kichh<br>बरेली: जल जीवन मिशन की टंकी पर किच्छा नदी की कटान का खतरा, महज तीन मीटर बची दूरी<br>Mukesh Kumar<br>Updated Thu, 03 Sep 2026 02:08 PM IST<br>बरेली के शेरगढ़ ब्लॉक के बैरमनगर गांव में जल जीवन मिशन की पानी की टंकी किच्छा न ...और पढ़ें | सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम (फेज—3) के अन्तर्गत वर्ष 2022—23 में जनपद बरेली के विकास खण्ड शेरगढ की बैरमनगर पेयजल योजना में जिला प्रशासन के द्वारा उपलब्ध करायी गयी निःशुल्क भूमि पर अनुबन्धित संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा कार्य प्रारम्भ कराया गया था। कार्य प्रारम्भ के समय जलकल परिसर से किच्छा नदी की दूरी लगभग 150 मी0 थी। प्रस्तावित भूमि फ्लड—जोन में नहीं थी। बैरमनगर पेयजल योजना के अन्तर्गत 1 नग अवर जलाशय (325 KL/16m), 30% पूर्ण, पम्प हाउस पूर्ण, नलकूप पूर्ण, बाउन्ड्रीवॉल पूर्ण, पाइप लाइन 14.69 कि0मी0 के सापेक्ष 13.72 कि0मी0 एवं 1552 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 1223 नग गृह संयोजन किये जा चुके है। तदोपरांत वर्ष 2024 में किच्छा नदी के तेज कटान के कारण जलकल परिसर से नदी की दूरी घट कर 62 मी0 रह गयी थी। जिस कारण सुरक्षात्मक दृष्टि से अवर जलाशय का निर्माण कार्य तत्समय रोक दिया गया था एवं सम्बन्धित कार्यदायी संस्था द्वारा नदी की तरफ की बाउन्ड्रीवाल में कटान रोकने के सुरक्षात्मक उपाय किये गये लेकिन इस | |

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

दूरभाषः— **9473942572,** ई0—मेल **eeupjnrural22@gmailcom**


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ष अत्यधिक कटान होने के कारण जो अस्थाई सुरक्षात्मक उपाय किये गये वह भी विफल हो गये। वर्तमान में किच्छा नदी में हुए अत्यधिक कटान के कारण नदी एवं जलकल परिसर के मध्य मात्र 2 मी0 की दूरी शेष रह गयी है। योजनान्तर्गत पम्प हाउस में अधिष्ठापित नलकूप सामग्री, डी0जी0सेट एवं सोलर पैनल को तत्काल सुरक्षित स्थान पर स्थानान्तरित करा लिया गया है, सादर सूचनार्थ। | |

भवदीया

(आकांक्षा सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

प्रतिलिपि— सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता, (मु0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, मुरादाबाद।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, बरेली।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली।
5. जिला सूचना अधिकारी, बरेली।

अधिशासी अभियन्ता